Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Need to restore operation of local trains between Lonavala and Pune.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): लोनावाला से पुणे के बीच लोकल ट्रेन चलती थी, लेकिन कोविड -19 के प्रादुर्भाव के चलते कोविड काल में अन्य ट्रेनों के साथ इस लोकल ट्रेन की सेवा भी बंद कर दी गई थी। महोदय, अब जबकि स्थिति सामान्य होने के साथ ही देश भारत में सभी तरह की रेलगाड़ियों को फिर से चलाया जा रहा है, लेकिन मेरे संसदीय क्षेत्र मावल के अंतर्गत अभी भी लोनावाला से पुणे के लिए सभी लोकल रेलगाड़ियों का संचालन शुरू नहीं हुआ है। वर्तमान में लोनावाला से पुणे 12 बजे से पहले कुछ लोकल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है और लोनावाला से पुणे यातायात करने के लिए 12 बजे से 2 बजे के बीच कोई भी लोकल ट्रेन नहीं चलती है जबकि इस मार्ग पर अधिकतर छात्र, कर्मचारी और अन्य नागरिक यात्रा करते हैं इसके साथ ही साथ तलेगांव, पिंपरी चिंचवड क्षेत्र में इंडस्ट्री एरिया होने के कारण सेकंड शिफ्ट में काम करने वाले कर्मचारियों को लोकल ट्रेन की सुविधा नहीं मिल पाती है, इसके साथ ही साथ छात्रों को भी लोनावाला से पुणे आने के लिए 12 से 2 बजे तक लोकल ट्रेन का इन्तजार करना पड़ता है जिस कारण छात्रों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूँ कि लोनावला-पुणे-लोनावाला के बीच पहले की तरह लोकल रेलगाड़ियों का संचालन किया जाय।